कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक-08.06.2024

विषयः- थाना कैण्ट पुलिस टीम द्वारा वांछित अभियुक्त मोहम्मद साजिद गिरफ्तार।

श्रीमान् पुलिस आयुक्त वाराणसी के अपराधों की रोकथाम एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ़्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान् पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन मे, श्रीमान् अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन के पर्यवेक्षण में एवं श्रीमान् सहायक पुलिस आयुक्त कैण्ट के नेतृत्व मे थाना कैण्ट पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0-0064/2024 धारा 147/323/504/506/452/354/326 भा0द0वि0 थाना कैण्ट कमि0 वाराणसी से संबंधित वांछित अभियुक्त मोहम्मद साजिद पुत्र बदरुद्दीन उर्फ बुद्धू निवासी एस 2/363 ए-23 सूफी नगर सिंकरौल भोजूवीर थाना कैण्ट वाराणसी को आज दिनांक 08.06.2024 को समय 00.05 बजे गैस गोदाम टकटकपुर से गिरफ्तार किया गया। उक्त के सम्बन्ध में थाना कैण्ट पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना का विवरण- दिनांक-23.02.2024 को वादिनी मुकदमा रौनक बीवी पुत्री सिराज अली निवासिनी म0नं0 S-2/363 A-22 तकिया सिकरौल भोजूबीर कैंट वाराणसी ने प्रतिवादीगण द्वारा एक राय होकर वादिनी के घर मे घुसकर गाली-गलौज करते हुए मारने-पीटने, जान माल की धमकी देने व वादिनी से छेड़खानी करने के सम्बन्ध मे लिखित प्रार्थना पत्र दिया जिसके आधार पर थाना कैंट मे मु0अ0सं0-0064/2024 धारा 147/323/504/506/452/354 भा0द0वि0 पंजीकृत किया गया, जिसकी विवेचना उ0नि0 इशचन्द्र यादव द्वारा सम्पादित की जा रही है।

पूछताछ का विवरण- अभियुक्त मोहम्मद साजिद ने पूछताछ करने पर बताया कि पूर्व में बच्चो के विवाद को लेकर हमारा रौनक बीवी से मार-पीट हो गया था, जिसमे आक्रोशवश मेरे द्वारा रौनक बीवी के दाहिने हाथ की अंगूठे की बगल वाली अंगूली को दांत से काट लिया गया था, जिससे उसकी अंगूली का उपरी हिस्सा अलग हो गया था। फिर हमलोग घबराकर वहां से भाग गये थे।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

मोहम्मद साजिद पुत्र बदरुद्दीन उर्फ बुद्धू निवासी एस 2/363 ए-23 सूफी नगर सिंकरौल भोजूवीर थाना कैण्ट वाराणसी, उम्र करीब 23 वर्ष।

गिरफ्तारी का स्थान, दिनांक व समय- गैस गोदाम टकटकपुर से दिनांक 08.06.2024 को समय करीब 00.05 बजे।

आपराधिक इतिहास-

1-मु0अ0सं-0010/2022 धारा 147/323/504/325/308 भादवि थाना कैण्ट कमि0 वाराणसी।

2-मु0अ0सं0-0064/2024 धारा 147/323/504/506/452/354/326 भादवि थाना कैण्ट कमि0 वाराणसी।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1. उ0नि0 ईशचन्द यादव थाना कैण्ट कमिश्नरेट वाराणसी।
2. हे0का0 अखिलेश यादव थाना कैण्ट कमिश्नरेट वाराणसी।
3. हे0का0 ग्यासुद्दीन थाना कैण्ट कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त
वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी।